पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

22वाँ दीक्षांत–समारोह

//संशोधित अधिसूचना//

क्रमांक 1596/अका./दीक्षांत/2016

रायपुर, दिनांक 28/06/2016

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का **बाइसवाँ दीक्षांत–समारोह** बुधवार **10 अगस्त, 2016 को होना निश्चित हुआ है।** इस दीक्षांत–समारोह में उन सभी प्रत्याशियों को उपाधि–पत्र वितरित किए जाएँगे, जिन्हें **दिनांक** 22.02.2015 से 20.07.2016 तक की अवधि में इस विश्वविद्यालय की डी.लिट्. एवं पी–एच.डी. उपाधि के लिए योग्य घोषित किया गया है।

पद्म विभूषण डॉ. जयन्त विष्णु नार्लीकर, इमरेट्स प्रोफेसर, आयुका (IUCCA) पुणे इस दीक्षांत–समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

01. डी.लिट्. एवं पी–एच.डी. प्राप्त जो व्यक्ति इस दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित आवेदन–पत्र पर विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ को **दिनांक 22.07.2016** तक सूचना देना होगा। आवेदन–पत्र के साथ आवेदकों को रु. 700/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में **दिनांक 22.07.2016** तक जमा करना होगा। इस अवधि के पश्चात् आवेदन–पत्र एवं शुल्क स्वीकार नहीं किए जाएँगे । उपाधि धारक यदि अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ई. मेल. (registrarprsu@gmail.com) के द्वारा भेजते हैं, तो उन्हें गाउन प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लाना होगा।

निश्चित शुल्क एवं अन्य ब्यौरा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा उन प्रत्याशियों के लिए दीक्षांत–समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा–पत्र तैयार किया जाएगा। अनुज्ञा–पत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से **दिनांक 25.07.2016** तक प्राप्त हो सकेगा । अनुज्ञा–पत्र के 'प्रपत्र–ब' को प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय के परिधान दायक से गाउन प्राप्त हो सकेगा। गाउन धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा।

02. बाइसवाँ दीक्षांत–समारोह में वर्ष 2014–15 की परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण तथा प्रावीण्य–सूची में प्रथम स्थान प्राप्त एवं दानदाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण–पदक के लिए चयनित छात्र छात्राओं को स्वर्ण–पदकों से भी अलंकृत किया जाएगा। स्वर्ण–पदक हेतु योग्य घोषित छात्र स्वयं उपस्थित होकर दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करना चाहते हैं, वे विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ में **दिनांक 22.07.2016** तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन रजिस्टर्ड डाक/ई. मेल. आई. डी. (registrarprsu@gmail.com) के द्वारा भेजते हैं, तो उन्हें गाउन प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लाना होगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदकों को दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। गाउन धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा। दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्याशियों को आवेदन पत्र के साथ रु. 200/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को **दिनांक** 22.07.2016 तक जमा करना होगा/को भेजना होगा। **जिन्होंने पूर्व में आवेदन करते हुए निर्धारित राशि जमा कर चुके हैं उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

- सभी प्रत्याशियों को गाउन प्राप्ति हेतु (वापसी योग्य) अमानत राशि रु. 1000/– डॉ. अरविंद अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक, ह्यूमन रिसोर्स डेव्हलपमेंट सेंटर, पं.र.वि.वि. रायपुर के पास जमा करना होगा।
- दीक्षांत–समारोह की शोभायात्रा का पूर्वाभ्यास के लिए तिथि की जानकारी बाद में भेजी जाएगी।
- गाउन वितरण डॉ. अरविंद अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक, ह्यूमन रिसोर्स डेव्हलपमेंट सेंटर, पं.र.वि.वि. रायपुर के निर्देशन में की जाएगी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शोध उपाधि के लिए योग्य घोषित प्रत्याशियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www.prsu.ac.in) में उपलब्ध है।

कुलसचिव

पृ. क्रमांक 1597/अका./दीक्षांत/2016

रायपुर, दिनांक 28/06/2016

प्रतिलिपि :

01. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर
02. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद के सदस्यों को
03. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष
04. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/अधिष्ठाता छात्र कल्याण
05. सचिव, उच्च शिक्षा, महानदी भवन, नया रायपुर
06. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर
07. समस्त संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य,
08. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अध्यक्ष/समस्त विभागीय अधिकारी,
09. संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों को आगामी अंक के अंतिम पृष्ठ पर समाचार के रूप में प्रकाशनार्थ।
10. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, माय एफ–एम, रेडियो मिर्ची, ज्ञान वाणी रायपुर को सूचना के रूप में प्रकाशनार्थ ।
11. अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययन शाला को इस निवेदन के साथ कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट अपलोड करें।
12. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.र.वि.वि. रायपुर को सूचनार्थ।

उप कुलसचिव (अका.)